लापरवाही नगर निगम कचरा ढोने वाले ट्रेक्टर ट्राली में लावारिस शव को ले जाने का वीडियो वायरल, कार्रवाई की मांग

ट्रैक्टर से लेकर गए लावारिस शव, आयुक्त ने दिया नोटिस

नवभारत, कटनी। नगर निगम की संवेदनहीनता और लापरवाही का एक शर्मनाक चेहरा बुधवार सामने आया है। सोशली मीडिया में एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें देखा जा सकता है कि नगर निगम के कचरा ढोने वाले ट्रैक्टर में एक लावारिस शव को डाला जा रहा है। यह दृश्य न सिर्फ अमानवीय है, बल्कि प्रशासनिक तंत्र की बेशर्मी और व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है। सोशली मीडिया में वीडियो वायरल होने के बाद नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने स्वास्थ्य अधिकारी और स्वच्छता प्रभारी को नोटिस देकर तीन दिन के अंदर जवाब तलब किया है। वहीं कांग्रेस के पदाधिकारी इस मामले में कार्रवाई करने की मांग कर रहे हैं। कांग्रेस के शहर कार्यवाहक अध्यक्ष राजा जगवानी ने कहा कि ट्रैक्टर नगर निगम के अंतर्गत आता है, और इस व्यवस्था में यह सवाल उठ रहा है कि जब महापौर के पति के द्वारा शव सेवा वाहन के रूप में उपलब्ध कराई जाती है, तो इस सुविधा को लावारिस शव के मामले में क्यों नहीं दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ चयनित लोगों को इस सुविधा लाभ मिल रहा। स्थानीय सामाजिक संगठनों और नागरिकों में इस घटना को लेकर भारी रोष है। सवाल उठता है कि जो व्यक्ति इस दुनिया से चला गया, वह भी किसी के परिवार का हिस्सा रहा होगा, क्या उसे इस तरह अंतिम विदाई देना मानवता के खिलाफ नहीं है। शहर में जहां नगर निगम को नागरिकों की सेवा और गरिमा की रक्षा करनी चाहिए, वहां इस तरह की घटनाएं प्रशासन की सोच और व्यवस्था की पोल खोल रही हैं। संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों को जवाब देना होगा कि आखिर क्यों लावारिस शवों के साथ इस प्रकार का व्यवहार हो रहा है जिला प्रशासन को अपनी आंखें खोल लेना चाहिए। इस तरह का अमानवीय करने वालों को दंडित करना चाहिए।

तलब किया जवाब

सोशल मीडिया में वायरल वीडियो का तत्काल संज्ञान लेते हुए नगर निगम आयुक्त नीलेश दुबे ने नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी और क्षेत्रीय स्वच्छता प्रभारी को नोटिस जारी कर तीन दिन के अंदर जवाब तलब किया है। जारी कारण बताओ नोटिस में कहा गया है कि नगर में विभिन्न सामाजिक संस्थाओं के द्वारा नि:शुल्क शव वाहन उपलब्ध कराए जाते है, यह जानकारी होने के बाद भी संबंधित संस्थाओं से संपर्क नहीं करते हुए शव वाहन के उपयोग का प्रयास नहीं किया गया और ना ही समस्या से अवगत कराते हुए जानकारी संज्ञान में लाई गई। यह कृत्य सौंपे हुए दायित्वों के प्रति गैर जिम्मेदारी, उदासीनता और अमानवीयता को दर्शाता है। संबंधित स्वास्थ्य अधिकारी और क्षेत्रीय स्वच्छता प्रभारी से तीन दिन में जवाब देने को कहा गया है।



रूपनाथ मंदिर पहुंचे कलेक्टर, किया पूजन

नवभारत बहोरीबंद। जिले के बहोरीबंद के समीप स्थित प्राचीन भगवान शिव के रूपनाथ धाम पहुंचकर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने पूजन-अर्चन कर आशीर्वाद लिया और जिले वासियों की सुख-समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

इस दौरान जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी शिशिर गेमावत और एसडीएम बहोरीबंद राकेश कुमार चौरसिया, बहोरीबंद जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार, नरेंद्र सैनी, राजेश कुमार रजक सहित अन्य अधिकारी-कर्मचारी सहित श्रद्धालुओं की उपस्थित रही।

इस अवस पर कलेक्टर दिलीप कुमार यादव और जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत ने रूपनाथ धाम मंदिर परिसर में आंवला और बेल के पौधों का पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस अवसर पर अधिकारियों को भगवान भोले नाथ की सीनरी भेंट की गई।

एक नजर में

बाकल थाना प्रभारी को पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित

नवभारत, बाकल। गुमशुदा बालक-बालिकाओं की दस्तयाबी के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने पर थाना बाकल की थाना प्रभारी प्रतीक्षा सिंह चंदेल को सम्मानित किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा द्वारा पुलिस कंट्रोल रूम में आयोजित सम्मान समारोह में उन्हें प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर एसपी अभिनय विश्वकर्मा ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों का मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि समाज की सुरक्षा और संवेदनशील मामलों में तत्परता ही पुलिस की असली पहचान है। थाना प्रभारी प्रतीक्षा सिंह चंदेल को यह सम्मान गुमशुदा बच्चों की खोजबीन में तत्काल कार्रवाई और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सराहनीय योगदान के लिए प्रदान किया गया। समारोह में पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

युवक से गाली-गलौज कर मारपीट

नवभारत, बाकल। कोतवाली थाना क्षेत्र के सावरकर वार्ड आधारकाप क्षेत्र में मनीष निषाद से दिप्पू निषाद, रचित निषाद सहित अन्य गाली-गलौज करते हुए मारपीट की। पुलिस ने शिकायत पर मारपीट करने वालों पर मामला दर्ज कर लिया है।

सात दिन में जमा करें किराया, नहीं तो की जाएगी दुकान में तालाबंदी

नगर निगम द्वारा जारी किया गया नोटिस, कार्रवाई की चेतावनी

नवभारत कटनी। नगर निगम आयुक्त निगमायुक्त नीलेश दुबे के निर्देशानुसार वित्तीय वर्ष में लक्ष्यानुसार बकाया राजस्व वसूली के प्रयास तेज कर दिए गए है। जिसके तहत नगर निगम द्वारा निगम स्वामित्व की दुकानों का किराया बकाया होने पर राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने सात दुकानदारों को नोटिस जारी करते हुए सात दिन में बकाया किराया राशि निगम कोष में जमा करने के लिए कहा है।

जिन दुकान संचालकों को नोटिस जारी किया गया है, उनमें ईश्वरी पुरा वार्ड मिशन चौक स्थित दुकान नंबर तीन का 20 हजार 859 रुपए दुकान का किराया बकाया होने पर मनीष प्यासी भैयालाल प्यासी को सूचना पत्र देकर सात दिन में बकाया किराया राशि निगम कोष मे जमा करने के लिए सूचित किया है। जबकि बस स्टेंड स्थित 6 दुकानदारों पर बकाया किराया राशि जमा नहीं किए जाने पर राम सजीवन विश्वकर्मा प्रियदर्शिनी बस स्टैंड स्थित दुकान नंबर 37 अप्रैल 2024 से जुलाई 2025 तक 24 हजार 782 रूपए, श्रीमती निर्मला जायसवाल घनश्याम दास दुकान नंबर 35 अप्रैल 2023 से जुलाई 2025 तक 39 हजार 20 रुपए, यावेंद्र कुमार दुकान नंबर 67 पर अप्रैल 2023 से जुलाई 2025 तक 13 हजार 971 रुपए, मोहम्मद अलाउ दुकान नंबर पर 30 जून 2024 से जुलाई 2025 तक 20 हजार 414 रुपए, विनोद शुक्ला दुकान नंबर 39 पर अक्टूबर 2024 से जुलाई 2025 तक 27 हजार 968 रुपए, अरुण रैकवार विजय रैकवार दुकान नंबर 27 अक्टूबर 2022 से जुलाई 2025 तक 50 हजार 611 रुपए, संतोष कुमार दुकान नंबर 26 पर जुलाई 2022 से जुलाई 2025 तक 19 हजार 477 रुपए बकाया होने पर आवंटियों को 7 दिवस के अंदर बकाया किराया राशि जमा करने के लिए सूचित किया गया है। राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि नागरिकों की सुविधा और बकाया वसूली कार्य को दृष्टिगत रखते हुए राजस्व अमले द्वारा निगम के करदाताओं से लगातार संपर्क करते हुए बकाया कर जमा किए जाने के लिए कहा गया है।

इसके बाद भी जिन बड़े बकायादारों द्वारा निगम करों की राशि जमा नहीं करने पर निगम प्रशासन द्वारा दुकानों को सील कर तालाबंदी की कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी। निगमायुक्त नीलेश दुबे ने समस्त निगम के करदाताओं से बकाया संपत्ति कर, जलकर, दुकान किराया व अन्य कर जमा कर अधिभार से बचने और नगर विकास में सहयोग करने के लिए कहा है।

बाइक रैली निकालकर दिया नशे से दूर रहने का संदेश

उमरियापान पुलिस ने चलाया जन जागरूकता अभियान

नवभारत, उमरियापान। मध्यप्रदेश पुलिस के नशे से दूरी है जरूरी विशेष अभियान के तहत उमरियापान पुलिस थाना परिसर से नशा मुक्ति अभियान का आगाज करते हुए लोगों को जागरुकता करने के लिए बाइक रैली निकालकर नशे से दूर रहने का संदेश दिया। रैली में पुलिस वाहन में लगे स्पीकर से नशा नहीं करने का आव्हान कर रहे थे। उमरियापान थाना प्रभारी दिनेश तिवारी की अगुवाई में नशे से दूरी है जरूरी स्लोगन से लिखी तख्तियों के साथ बाइक रैली थाना परिसर से झंडा चौक, न्यू बस स्टैंड, आजाद चौंक से दोबारा झंडा चौक, बरातरे से रैली के माध्यम से लोगों को नशा नहीं करने के लिए प्रेरित किया। साथ ही नशे से होने वाले शरीरिक, आर्थिक, सामाजिक और मानसिक दुष्परिणामों के संबंध में बताया गया। उमरियापान थाना प्रभारी दिनेश तिवारी के नेतृत्व में लगातार थाना क्षेत्र के अंतर्गत स्कूल, कॉलेज तथा अन्य शैक्षणिक संस्थानों, सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता अभियान चलाकर नशा से होने वाले भयावह परिणामों, शारीरिक, मानसिक स्वास्थ्य पर होने वाले विकारों, अवगत कराया गया। विद्यार्थियों और आमजनों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

पौधारोपण कर लिया पर्यावरण सहेजने का संकल्प

उत्कृष्ट स्कूल परिसर में किया गया फलदार पौधों का रोपण

नवभारत, रीठी। पवित्र श्रावण मास के अवसर पर सत्य सनातन धर्म सभा द्वारा पर्यावरण संरक्षण हेतु उत्कृष्ट हायर सेकेंडरी स्कूल, रीठी परिसर में फलदार पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्था के पदाधिकारियों ने आम, जामुन और आंवला जैसे फलदार पौधों का रोपण कर पर्यावरण सहेजने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित चंद्र भूषण दुबे ने उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण की रक्षा करना मानव जीवन की रक्षा के बराबर है। जितने अधिक पौधे लगाएंगे, उतनी ही स्वस्थ जीवन की संभावनाएं बढ़ेंगी।

उन्होंने सभी नागरिकों से अधिक से अधिक पौधारोपण करने की बात कही। इस मौके पर संस्था के उपाध्यक्ष पंडित अशोक अवस्थी, संरक्षक पंडित कुंज बिहारी परोहा, सहसचिव राजकुमार शिवहरे, हीरालाल पटेल, यजुवेन्द्र सिंह राजपूत साथ ही विद्यालय परिवार के शिक्षक सुजन सिंह, हरपाल सिंह, शिक्षिकाए और विद्यार्थियों ने भी एक-एक फलदार पौधा रोपकर पर्यावरण संरक्षण के संकल्प को और सशक्त किया।

गुणवत्ता के साथ समय पर पूरा कराएं सड़क निर्माण कार्य

महापौर ने किया सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण, दिए निर्देश

नवभारत कटनी। नगर विकास और सुगम आवागमन की सुविधा के मद्देनजर इंदिरा गांधी वार्ड के बालाजी नगर और शिवनगर बस्ती में नई सड़क निर्माण के लिए कराए गए डब्ल्यूबीएम कार्य का महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य में आ रही समस्या का निराकरण प्राथमिकता के आधार पर करने के निर्देश। महापौर द्वारा बालाजी नगर में प्रवेश द्वार से पुरवार स्कूल तक सड़क निर्माण कार्य के पहले कराए जाने डव्लयू बीएम कार्य का निरीक्षण किया। इस दौरान स्थानीय नागरकों द्वारा वर्षा के दौरान गढ्डों में पानी भरने और डीके ट्रेडर्स के सामने मार्ग में मिट्टी पड़ी होने के कारण आवागमन में परेशानी होने की जानकारी महापौर को दी। जिस पर महापौर ने हाइवा से ब्लू डस्ट डलवाने के निर्देश दिए। वहीं डीके ट्रेडर्स के समक्ष मार्ग की मिट्टी हटाकर रैंप का निर्माण कराकर सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश भी निर्माण एजेंसी के माध्यम से मुहैया कराने के निर्देश क्षेत्रीय उपयंत्री अश्वनी पांडेय को दिए। महापौर ने निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि को सख्त हिदायत देते हुए कहा कि निर्माण कार्य के दौरान लोगों की सुविधाओं का पूरा ध्यान रखा जाए। इस दौरान क्षेत्रीय नागरिक राजेन्द्र त्रिपाठी, अमन नायक, बाल्मीक मिश्रा, प्रमोद मिश्रा, आरके त्रिपाठी, श्रीमती ऊषा पांडेय सहित अन्य जनों की मौजूदगी रही।

लोगों के सुगम आवागमन के लिए शिवनगर में मुख्य मार्ग से गली नंबर 17 तक कराए जाने वाले नवीन सड़क निर्माण के डव्ल्यूबीएम कार्य का निरीक्षण भी महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा क्षेत्रीय पार्षद बल्ली सोनी के साथ किया गया। निरीक्षण के दौरान मुख्य प्रवेश मार्ग के समक्ष सहित अन्य स्थलों के मार्ग के गड्ढों की फिलिंग कराते हुए डब्लयूबीएम कार्य को गुणवत्ता से पूरा करते हुए नागरिकों को सुगम आवागमन की सुविधा मुहैया कराने के निर्देश दिए।

सासंद वीडी शर्मा ने रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से की मुलाकात

वाशिंग पिट और डीआरएम उप कार्यालय स्थापना की मांग

नवभारत, कटनी। खजुराहो-कटनी लोकसभा क्षेत्र के सांसद विष्णुदत शर्मा ने बुधवार को रेल मंत्री अश्वनी वैष्णव से भेंट करते हुए उन्हें एक मांग पत्र सौंपा, जिसमें कटनी से जुड़ी रेल समस्या ट्रेनों के स्टॉपेज डीआरएम उप कार्यालय की स्थापना और वाशिंग पिट की मांग शामिल हैं। रेल मंत्री ने सांसद की मांगों को ध्यान से सुना और रेलवे को परीक्षण कराने के निर्देश दिए। कटनी में रेल सुविधाओं के लगातार विस्तार के लिए सांसद वीडी शर्मा सक्रिय हैं। कटनी मुख्य स्टेशन सहित मुड़वारा और कटनी साउथ में सेवाओं का विस्तार लगातार जारी है। इसी कड़ी में इन सुविधाओं के लिए सांसद ने रेल मंत्री से भेंट की है। भेंट के दौरान सांसद वीडी शर्मा ने देश की राजधानी नई दिल्ली में केन्द्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव से भेंटकर संसदीय क्षेत्र खजुराहो में खजुराहो से खैरादा जंक्शन तक नवीन रेल लाइन, कटनी जिले में रेलवे वाशिंग पिट और कटनी में डीआरएम उप कार्यालय खोलने का अनुरोध किया।

इसके साथ ही रेल मंत्री से कटनी जंक्शन पर छपरा एक्सप्रेस, सीएसएमएफ पीएनबीई सुपरफास्ट एक्सप्रेस, अमृत भारत एक्सप्रेस, प्रयागराज दोरंतो एक्सप्रेस, पाटलीपुत्र एक्सप्रेस, एवायसीआरएमएम सुपरफास्ट एक्सप्रेस, गोदान एख्सप्रेस के स्टॉपेज कराने की मांग की।

पटवारी संघ ने सौंपा तहसीलदार को ज्ञापन

नवभारत उमरियापान। जिले के ढीमरखेड़ा तहसील क्षेत्र के पटवारी संघ ने बुधवार को अपनी मांगों को लेकर कार्यकारी जिला अध्यक्ष अशोक सिंह बागरी के नेतृत्व में अपनी विभिन्न मांगो को लेकर तहसीलदार को ज्ञापन सौंपा है। जिसमें प्रमुख रूप से पटवारियों का महंगाई भत्ता, बकाया एरियस दिए जाने सहित अन्य मांगे शामिल रहीं। इस दौरान यह बताया गया कि पटवारी कविता गोटिया का फरवरी माह का वेतन अप्राप्त होने की जानकारी भी दी गई। पटवारी संघ ने ज्ञापन के माध्यम से मांगों को पूरा करने की मांग की है। इस अवसर पर मध्य प्रदेश पटवारी संघ के सभी पदाधिकारी और सदस्यों की मौजूदगी रही है।

नदावन से कुठिया मंहगमा के बीच सड़क बनाने की मांग

विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने विधानसभा में उठाया मुद्दा

नवभारत कटनी। मप्र के मानसून सत्र के दौरान विजयराघवगढ़ विधायक संजय पाठक ने याचिका के माध्यम से विधानसभा क्षेत्र के बरही तहसील अन्तर्गत आने वाली ग्राम नदावान से कुठिया मंहगमा के बीच रोड बनाने मुद्दा उठाया। उन्होंने अपने प्रश्न के माध्यम से बताया कि उस क्षेत्र के दोनों प्रमुख गांवों के बीच सीधी सड़क नहीं है जबकि दोनों गांवों में बड़ी आबादी निवास करती है खेती किसानी सहित आवश्यकताओं के लिए इन गांवों के साथ ही आसपास के गांवों के लोगों का भी आना-जाना लगा रहता है पर उनको इसके लिए बग़ैहा मोड़ होते हुए लगभग 20 किलोमीटर का लगाना पड़ता है।

गर्मी सहित सूखे मौसम में ग्रामीण पगडंडी के माध्यम से खेती किसानी सहित अन्य कार्यों से आते-जाते हैं पर बरसात और उसके बाद के समय में मोटरसाइकिल, टैक्टर जैसे वाहन फस जाते हैं।

तीन से चार किलोमीटर के इस ढर्रे पर सड़क निर्माण से किसानों को दोनों गांवों के बीच 20 किलोमीटर के आने जाने वाले चक्कर में पेट्रोल डीजल का बड़ा खर्चा होता है, जो किसानी के लिए बचेगा। इस सड़क के अतिशीघ्र निर्माण की आवश्यकता है इस लिए विभाग मंत्री के माध्यम से मुख्यमंत्री मोहन यादव से नदावान से कुठिया मंहगमा रोड के निर्माण की मांग की गई।

धर्मलोक हॉस्पिटल
A unit of Dharmlok Hospital Pvt. Ltd.
AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED
दूरबीन से पित्त की पथरी की सर्जरी, दूरबीन से अपेंडिक्स सर्जरी, दूरबीन से ओपन पेट की सर्जरी, उन्नत तकनीक (स्टेपलर/लेटर) के फिस्टुला सर्जरी, स्तन सर्जरी, किडनी/प्रोस्टेट/मूत्रालशय सर्जरी, मधुमेह पैर की देखभाल/सर्जरी, तीव्र और जीर्ण घाव प्रबंधन।
डॉ. राजेश बत्रा
एम.एस., एफ.एम.ए.एस., एफ.आई.ए.जी.ई.एस., एफ.ए.आई.एस.
जनरल और लैप्रोस्कोपिक सर्जन
सामान्य एवं सिजेरियन डिलीवरी, अंडेदानी की गठान, उच्च जोखिम वाली गर्भावस्था, नि:संतानता, बच्चेदानी निकालना, सफेद पानी का इलाज, गर्भवती महिलाओं की सोनोग्राफी, बार-बार गर्भपात होना, पॉलिसिस्टिक ओवेरियन डिजीज/सिंड्रोम।
आयुष्मान कार्डधारी मरीजों का एवं हेल्थ इंश्योरेंस कार्ड धारी मरीजों का नि:शुल्क इलाज किया जाता है।
डॉ. हर्षा बत्रा
एमडी (ओबीजी)
सोनोग्राफी डिप्लोमा
स्त्री, प्रसूति एवं बांझपन विशेषज्ञ
-ओपीडी-
सुबह 11:00 बजे से सायं 5:00 बजे तक
पता-आदर्श कालोनी रोड, कटनी (म.प्र.)
Ph. 07622-422390, 796084 Help line 24x7: 8305402024

17 वर्ष का चिकित्सकीय अनुभव
आज की जरूरत है होम्योपैथिक चिकित्सा
हो जाएं जब सब जगह से निराश Cure Zone जगाए आस
www.curezon.com
क्या आप ऐलोपैथिक, आयुर्वेदिक और होम्योपैथिक चिकित्सा पद्धति के द्वारा इलाज से उचित लाभ नहीं ले पा रहे हैं? तो आज ही अपनी विभिन्न शारीरिक एवं मानसिक परेशानियों के लिए संपर्क करे।
क्योर जोन
होम्योपैथिक क्लीनिक एवं मनोवैज्ञानिक परामर्श केन्द्र
Dr.V.B.Khare
डॉ. व्ही. बी. खरे
M.A.Psych., B.Sc. B.H.M.S.,C.C.H., P.G.D.P.C., D.N.Y.S.
(होम्योपैथिक विशेषज्ञ एवं मनोवैज्ञानिक सलाहकार)
डॉ. अनुभा खरे
B.H.M.S.,D.N.Y.S., C.C.H
(होम्योपैथिक एवं सौंदर्य विशेषज्ञ)
चर्मरोग, वात रोग, बार-बार पथरी होना, किडनी के रोग, माइग्रेन, बालो का झड़ना, बच्चों के रोग, महिलाओं के रोग, यौन रोग, लकवा, मोटापा, थाइराइड प्राब्लम, PCOD, किसी भी प्रकार की गॉठ, बवासीर एवं सभी प्रकार की शारीरिक एवं मानसिक आघात की चिकित्सा व मानसिक रोग, डिप्रेशन, तनाव आदि के उपचार के लिए संपर्क करें।
मोहन टॉकीज के पीछे, शुभ श्री टेलर के सामने, फर्स्ट फ्लोर, कटनी (म.प्र.)
फोन- 9406540935, 7067230030, 07622-408111

निरीक्षण नशे से दूरी अभियान के तहत आबकारी विभाग ने आयोजित कराया जनजागरूकता कार्यक्रम, दिलाई शपथ

शराब दुकान के बाहर नशा मुक्ति अभियान, दिलाया नशे से दूरी का संकल्प

नवभारत, कटनी। कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन और जिला आबकारी अधिकारी विभा मरकाम के मार्गदर्शन में आबकारी विभाग द्वारा जिले में नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत प्रभावशाली जनजागरण गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। इस अभियान के तहत जिले की समस्त 63 कंपोजिट मदिरा दुकानों पर नशामुक्ति संबंधी पोस्टर प्रदर्शित किए गए हैं, जिनके माध्यम से आमजन को नशे से बचाव, नशा मुक्त ज़िन्दगी और सशक्त नशामुक्त मध्य प्रदेश का संकल्प लिया गया है। जिला आबकारी अधिकारी मरकाम के मार्गदर्शन में विभाग की पहल से शासकीय कन्या महाविद्यालय कटनी में छात्राओं के द्वारा 'नशे से दूरी है जरुरी' थीम पर आधारित नुकड़ नाटक का मंचन किया गया। कार्यक्रम में सहायक जिला आबकारी अधिकारी सूर्यभान कोरी द्वारा आबकारी विभाग की कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। वहीं आबकारी उपनिरीक्षक अतुल कुटार ने विद्यार्थियों को नशे से होने वाले दुष्परिणामों की जानकारी दी। साथ ही विद्यार्थियों को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया।

उन्होंने वैकल्पिक स्वस्थ जीवनशैली की जानकारी दी और ना कहना सीखें जैसे प्रेरक संदेश साझा किए और सभी को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई। आबकारी विभाग द्वारा 'नशे से दूरी है जरूरी' अभियान के तहत सी एम राइज स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। युवाओं को नशीले पदार्थों से होने वाले दुष्परिणामों के संबंध में जागरूक करने, उन्हें स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपने रचनात्मक विचारों और चित्रों के माध्यम से नशे के विरोध में सशक्त संदेश प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। साथ ही नशे के दुष्प्रभाव, कानूनों की जानकारी दी गई और एक जिम्मेदार नागरिक के रूप में उनके कर्तव्यों के संबंध में जानकारी दी गई।